Dainik Jagran 30-5-26

सिटी स्पंदन

My कॉलेज Days

बदला प्रचार का तरीका, मोबाइल ने ली घर-घर संपर्क की जगह

लखवंत सिंह, मोहाली : सन 2011 में एसडी कालेज सेक्टर-32 से बीए जर्नलिज्म करने वाले जतिन सैनी बताते हैं कि उस समय में कालेज में होने वाले चुनावों के दौरान मेला लगता था और स्टूडेंट्स एक-दूसरे को पूरी तरह से पहचानते थे। जतिन सैनी ने बताया कि आज के समय में मोबाइल पर ही ज्यादा से ज्यादा वीडियो और मैसेज डालकर प्रचार किया जा रहा है। वे बताते हैं कि समय बदलने के साथ सब कुछ बदल रहा है और काम तेजी से होने लगा है। पुराने दिनों को याद करते हुए वे बताते हैं कि जब तक क्लासें चलती थीं उनमें से ज्यादा से ज्यादा में जाने को मन लालायित रहता था। मोहाली से चंडीगढ़ जाने के दौरान अपने साथियों को भी साथ लेकर कालेज पहुंचते थे। सैनी बताते हैं कि कालेज से निकलने के बाद भारतीय विद्या भवन से डिप्लोमा किया और उसके बाद एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। इस समय जतिन सैनी मोहाली कोर्ट और चंडीगढ़ कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे हैं। वे बताते हैं कि किसी केस के दौरान अगर कोई जरूरतमंद उनके पास पहुंच जाता है तो वे उनकी पूरी तरह से सहायता करते हैं ताकि उनका कोई काम रुके नहीं।

जतिन सैनी • जागरण

छुट्टियां बिताने आस्ट्रेलिया भाई के पास जाते हैं

जतिन बताते हैं कि उनका भाई आस्ट्रेलिया में सेटल है इसलिए साल में एक-दो बार वहां जाने का कार्यक्रम बन जाता है। उन्होंने बताया कि जब वे विदेश जाते हैं तो वहां की व्यवस्था देखकर प्रभावित होते हैं। वहां सारा काम कानून के हिसाब से और समय पर पूरा होता है।

युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी

वे बताते हैं कि आज के युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलकूद में ध्यान देना चाहिए जिससे वे मानसिक और शारीरिक तौर पर पूरी तरह स्वस्थ रहकर अपने परिजनों की सेवा कर सकें। जतिन सैनी मोहाली में रहते हैं और सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में पूरी तरह से हिस्सा लेते हैं।